**HIGHWAY INFRASTRUCTURE LIMITED**
**CIN: L42909MP2006PLC018398**
**REG. OFFICE ADDRESS:** 57-FA, SCHEME NO. 94, PIPLIYAHANA JUNCTION, RING ROAD, INDORE, (M.P.) – 452016, INDIA
Tel: +91-731-2590013, 4047177
E-Mail: hiplindore@gmail.com, Visit us at: www.highwayinfrastructure.in

**20th August, 2026**

| | |
|---|---|
| **To,**<br>**The Secretary,**<br>**Corporate Relationship Department,**<br>**BSE Limited**<br>**P. J. Towers, Dalal Street**<br>**Mumbai- MH 400001.** | **To,**<br>**The Secretary,**<br>**Listing Department,**<br>**National Stock Exchange of India Ltd.**<br>**Exchange Plaza, BKC, Bandra (E)**<br>**Mumbai - MH 400051.** |

**Scrip Symbol: HILINFRA | Scrip Code: 544477 | ISIN: INE00RL01028**

**Subject: Disclosure under Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 and in compliance with all the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and General Circular No. 3/2025 dated 22nd September, 2025, please find enclosed herewith the copies of newspaper advertisement, published in "Free Press" (English) and "Choutha Sansar" (Hindi) on 20th August, 2026 in respect of information regarding 21st Annual General Meeting of the Company scheduled to be held on Thursday, 24th September, 2026 at 03:00 p.m. IST through Video Conferencing / Other Audio Visual Means.

You are requested to take above information on record.

Thanking You,

**For Highway Infrastructure Limited**

Palak Rathore
Digitally signed by Palak Rathore
Date: 2026.08.20 11:09:38 +05'30'

**Palak Rathore**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No. – A-73755**

**Encl: As above.**

एक नजर



## मुख्यमंत्री ने किया आपदा प्रबंधन यंत्र प्रदर्शनी का अवलोकन

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत होमगार्ड की ओर से प्रदर्शित किए गए आपदा प्रबंधन उपकर ों एवं बचाव कार्य में उपयोग होने वाले आधुनिक संसाधनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान होमगार्ड के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विभिन्न आपदा प्रबंधन यंत्रों की कार्यप्र ाली एवं उनके उपयोग की जानकारी दी। इन उपकर ों का उपयोग बाढ़, आगजनी, भवन दुर्घटना, सड़क हादसे तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों में किया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों एवं जवानों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के अधिकारी-जवान उपस्थित रहे।

## 10 हजार करोड़ के साजा पोंजी घोटाले पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के कथित साजा ग्रुप पोंजी घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की नई दिल्ली टीम ने साजा ग्रुप से जुड़े समीर अग्रवाल और उनके सहयोगियों के भोपाल और मुंबई स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कई महत्वपू र् दस्तावेज मिले हैं। जांच एजेंसी ने 1.53 करोड़ रुपये की नकदी, करीब 35 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा और लगभग 5.25 करोड़ रुपये कीमत का सोना-चांदी जब्त किया है। इसके अलावा 9 महंगी गाड़ियां भी जब्त की गई हैं।ईडी ने अपराध से हुई कथित कमाई से जुड़ी 30 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों को भी फ्रीज किया है। इनमें लिस्टेड शेयर और सिक्योरिटीज, म्यूचुअल फंड, एलआईसी पॉलिसियां और बैंक खातों में जमा रकम समेत अन्य संपत्तियां शामिल हैं।2009 से निवेश के नाम पर जुटाई रकम ईडी की जांच लोनी अर्बन मल्टी-स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी यानी एलयूसीसी और उससे जुड़ी सहकारी समितियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर से शुरू हुई। जांच के अनुसार, 2009 से एसएजीए ग्रुप से जुड़ी आरडी, एफडी और मंथली इनकम जैसी योजनाओं में लोगों को निवेश के लिए आकर्षित किया गया।



## आवारा मवेशियों के खिलाफ अभियान, 50 गौवंश गौशाला भेजे

आष्टा,(निप्र)। नगर में आवारा मवेशियों से बढ़ती यातायात समस्या को देखते हुए नगर पालिका ने विशेष अभियान शुरू किया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति के निर्देशन में चलाए गए दो दिवसीय अभियान में विभिन्न मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों से करीब 50 आवारा गौवंश को पकड़कर गोपालपुर स्थित गौशाला भेजा गया। इससे पूर्व भी नगर पालिका द्वारा करीब 60 आवारा मवेशियों को दास्ताखेड़ी स्थित गौशाला भेजा जा चुका है। सीएमओ प्रजापति ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर खुला न छोड़ें।

### खंडेलवाल ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से किया संवाद, कहा

# विकसित भारत के संकल्प में निभाएं भूमिका




भोपाल,(निप्र)। भोपाल में हेमंत खंडेलवाल ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से संवाद किया। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया को राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प का माध्यम बनाने की अपील की।

भोपाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ संवाद किया। सोशल मीडिया डायलॉग- कॉफी विद स्टेट प्रेसिडेंट कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सोशल मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं और इन्फ्लुएंसर्स से सोशल मीडिया को सकारात्मक बदलाव और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाने की अपील की।

हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। यह केवल सरकार का लक्ष्य नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का सामूहिक संकल्प है। इसे पूरा करने के लिए समाज के हर वर्ग, युवा और नागरिक की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन या सूचना के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं है, बल्कि लोगों की राय, विचार और व्यवहार को प्रभावित करने वाला सशक्त प्लेटफॉर्म बन चुका है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए एक पोस्ट, वीडियो, रील या सकारात्मक विचार कुछ ही समय में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। ऐसे में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि सोशल मीडिया का उपयोग विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और इसे जनभागीदारी का व्यापक आंदोलन बनाने के लिए किया जाए।

### विकास और सकारात्मकता की सोच को आगे बढ़ाने की अपील

हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मकता, राष्ट्र निर्माण, नवाचार, युवा शक्ति, आत्मनिर्भरता और विकास की सोच को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। देश की उपलब्धियों, युवाओं की सफलता, स्टार्टअप, तकनीक, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

### हर पोस्ट में दिखे विकसित भारत की झलक

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया को समाज को जागरूक करने, जोड़ने और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने का माध्यम बनाना होगा। युवाओं की हर पोस्ट और हर संदेश में भारत के उज्ज्वल भविष्य की झलक दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 का विकसित भारत तभी संभव होगा, जब केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार के प्रयासों के साथ समाज की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित हो। खंडेलवाल ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और युवाओं से मिलकर सोशल मीडिया की शक्ति को सकारात्मक दिशा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी, चंबल संभाग प्रभारी आयुष शर्मा सहित सोशल मीडिया के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदेश में पांच दिन आफत की बारिश

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश में अगले 5 दिन बारिश और आंधी का दौर जारी रहेगा। सिंगरौली में 132.8 एमएम बारिश दर्ज हुई। प्रदेश में पिछले करीब एक सप्ताह से बारिश और आंधी का दौर जारी है। लगातार बदलते मौसम के बीच प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का सिलसिला देखने को मिल रहा है। अब मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई जिलों में भारी बारिश के साथ गरज-चमक और 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक मध्यप्रदेश में 20 से 23 अगस्त के बीच बारिश की गतिविधियां व्यापक रहने की संभावना है। पूर्वी मध्यप्रदेश में 21 से 23 अगस्त के दौरान भारी बारिश के आसार हैं, जबकि पश्चिमी मध्यप्रदेश में भी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के मुताबिक सैटेलाइट इमेज में भोपाल, नर्मदापुरम, सागर और जबलपुर संभाग के ऊपर निम्न से मध्यम स्तर के बादल दिखाई दे रहे हैं। अगले कुछ दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश होने की संभावना है।**20 से 21 अगस्त कई जिलों में भारी बारिश की संभावना**-पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, दतिया, भिंड, सतना, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, निवाड़ी और मैहर। इन इलाकों में बारिश के साथ बिजली चमकने और 40 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवाएं चलने की संभावना है। जानकारी के अनुसार 20 से 22 अगस्त के दौरान पश्चिमी मध्यप्रदेश में व्यापक बारिश और 18 से 24 अगस्त के दौरान पूर्वी मध्यप्रदेश में व्यापक बारिश की संभावना बनी हुई है।

21 से 22 अगस्त के दौरान नरसिंहपुर, पन्ना, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, नर्मदापुरम, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, सिवनी, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर भी जारी रहने की संभावना है।

## यूसीसी की अफवाह से भोपाल में बढ़े निकाह के आवेदन

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश में प्रस्तावित यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी यूसीसी को लेकर फैली एक अफवाह ने भोपाल में कई परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। नजदीकी रिश्तेदारों, खासकर चचेरे और ममेरे भाई-बहन के बीच होने वाली शादियों पर कथित प्रतिबंध की चर्चा के बाद कुछ परिवार तय समय से पहले निकाह कराने की कोशिश कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि ऐसे परिवार काजियों से संपर्क कर निकाह की तारीख आगे बढ़ाने की जानकारी ले रहे हैं। दरअसल, मध्यप्रदेश में प्रस्तावित यूसीसी के ड्राफ्ट को लेकर विवाह, तलाक, विरासत और पारिवारिक मामलों में समान कानूनी व्यवस्था की चर्चा है। इसी बीच प्रतिबंधित रिश्तों में विवाह को लेकर सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर कई तरह की बातें सामने आईं। इससे कुछ परिवारों में यह आशंका पैदा हुई कि कानून लागू होने के बाद पहले से तय रिश्तों पर असर पड़ सकता है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के मुताबिक प्रस्तावित प्रावधानों में रीति-रिवाज और स्थापित परंपराओं से जुड़े अपवादों का भी उल्लेख है। यानी जिन समुदायों या समाजों में कुछ रिश्तों में विवाह पारंपरिक रूप से मान्य हैं, उनके लिए अलग प्रावधान की संभावना बताई गई है।

**हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**

HIGHWAY INFRASTRUCTURE

CIN: L42909MP2006PLC018398
पंजीकृत कार्यालय: 57-एफए, स्कीम नं. 94, पिपलियाहाना जंक्शन, रिंग रोड, इंदौर, म.प्र.-452016
फोन: 0731-4047177 | वेबसाइट: www.highwayinfrastructure.in
ई-मेल: hiplindore@gmail.com

**21वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में सूचना**
**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("VC") / अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम ("OAVM") के द्वारा आयोजित**

अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी की **21वीं वार्षिक आम बैठक ("AGM")** गुरुवार, **24 सितंबर 2026 को अपराह्न 03:00 बजे (IST)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC) / अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम ("OAVM") के द्वारा आयोजित की जाएगी। यह बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("SEBI") (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) विनियम, 2015 तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("MCA") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर 2025 एवं इस संबंध में MCA और SEBI द्वारा जारी अन्य लागू परिपत्रों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी। बैठक में AGM की सूचना में उल्लिखित कार्यसूची के अनुसार विभिन्न विषयों पर विचार एवं निर्णय लिया जाएगा।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में, **वित्तीय वर्ष 2025-26 की AGM की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट** की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन अंशधारकों को ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएंगी, जिनके ई-मेल कंपनी / रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("RTA") / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("DP") के पास पंजीकृत हैं। जिन अंशधारकों के ई-मेल पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें AGM की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए वेब लिंक उपलब्ध कराने वाला पत्र भेजा जाएगा।

21वीं AGM की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट **कंपनी की वेबसाइट www.highwayinfrastructure.in,** तथा दोनों स्टॉक एक्सचेंजों, अर्थात **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (NSE) की वेबसाइट https://www.nseindia.com/** और **BSE लिमिटेड (BSE) की वेबसाइट https://www.bseindia.com/** पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**ई-मेल का पंजीकरण / अद्यतन की प्रक्रिया**
डीमैट रूप में शेयर रखने वाले अंशधारकों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("DP") के पास अपना ई-मेल एवं मोबाइल नंबर पंजीकृत / अद्यतन कर लें। यह AGM में शामिल होने तथा डिपॉजिटरी के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग एवं मीटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से ई-वोटिंग करने के लिए आवश्यक है।

**AGM में मतदान की प्रक्रिया**
AGM की सूचना में निर्धारित प्रस्तावों पर मतदान करने के लिए अंशधारकों को **रिमोट ई-वोटिंग** की सुविधा प्रदान की जाएगी। अंशधारक AGM से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अथवा AGM के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं।
ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल, उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार ई-मेल पते के सफल पंजीकरण के पश्चात अंशधारकों को ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे।
रिमोट ई-वोटिंग तथा AGM के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने की विस्तृत प्रक्रिया एवं निर्देश AGM की सूचना में दिए जाएंगे तथा कंपनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेंगे।

हस्ताक्षर/-
पलक राठौर
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्या: A73755
स्थान: इंदौर
दिनांक: 20 अगस्त 2026

**संचालक मंडल के आदेशानुसार**
**हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के लिए**

## विदिशा में 4 दुकानों के ताले टूटे

### किराना दुकान से 18 हजार का सामान चोरी, शोर सुनकर भागे चोर




विदिशा,(निप्र)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अहमदपुर रोड पर चोरों ने बीती रात चार दुकानों के ताले तोड़ दिए। वारदात एमपीईबी कार्यालय के सामने हुई। एक दीपक किराना दुकान से करीब 17 से 18 हजार रुपए का सामान चोरी हुआ है। वहीं, अन्य दुकानों में चोरी का प्रयास किया गया। व्यापारियों के अनुसार, रात करीब 2 बजे दुकानों के ताले टूटने की आवाज सुनाई दी। एक व्यापारी ने बताया कि चोरों ने उनकी दुकान के पांच ताले तोड़ दिए थे। अंदर से लगे अतिरिक्त नट के कारण शटर नहीं खुल सका। आखिरी ताला तोड़ते समय आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाया तो चोर मौके से भाग गए।

### 15 दिन में दूसरी बार चोरी की घटना

व्यापारियों का कहना है कि 15 दिनों के अंदर इसी क्षेत्र में चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले अटल उद्यान के पास पांच से सात दुकानों के ताले तोड़े गए थे। इसके अलावा 3 नंबर गली में भी एक दुकान में चोरी हुई थी। व्यापारियों का आरोप है कि पिछली घटनाओं का खुलासा नहीं होने से चोरों के हौसले बढ़े हुए हैं।

## चार आईएएस अफसरों के तबादले, भारती जाटव बनीं उच्च शिक्षा विभाग में अपर सचिव

**भोपाल,(निप्र)।** राज्य शासन ने बुधवार को चार आईएएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए। इनमें खनिज साधन विभाग में अपर सचिव भारती जाटव ओगरे को उच्च शिक्षा विभाग में अपर सचिव बनाया गया है। गृह विभाग की अपर सचिव मनीषा सेंतिया को पर्यटन विभाग में अपर सचिव बनाया गया है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा की उप सचिव शुचिस्मिता सक्सेना को गृह विभाग में उप सचिव बनाया गया है। पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत विवेक कुमार को नवीन एवं नवकर ीय ऊर्जा विभाग में उपसचिव बनाया गया है।

## कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

**निविदा सूचना 2026-27**

निविदा सूचना क्र/पीडब्लूडी/2026-27/06 — बुरहानपुर दिनांक: 14-08-2026

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी.नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत रू. लाख में। | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_528020_1 | वार्ड क्र. 11 भारत टाकिज क्षेत्र में सी.सी. रोड निर्माण का कार्य। | 2 माह 9.90 लाख | 2,000/- 9,900/- | 04-09-2026 |
| 2 | 2026_UAD_528021_1 | वार्ड क्र. 04 पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य। | 2 माह 9.04 लाख | 2,000/- 9,000/- | 04-09-2026 |
| 3 | 2026_UAD_528022_1 | वार्ड क्र 31 सादिक किराना से लेकर शकील मैकेनिक के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 8.73 लाख | 2,000/- 8,500/- | 04-09-2026 |
| 4 | 2026_UAD_529876_1 | वार्ड क्र 09 प्रजापति बड़े वाली गली में कच्ची सड़क होने से एम् 20 ग्रेड सी.सी. रोड निर्माण का कार्य! | 2 माह 9.75 लाख | 2,000/- 9,800/- | 04-09-2026 |
| 5 | 2026_UAD_529877_1 | वार्ड क्र. 19 विभिन्न स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त होने से सी.सी. रोड निर्माण कार्य! (बौहरा समाज जमात खाने से लेकर संतोष दलाल के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य)। | 2 माह 8.29 लाख | 2,000/- 8,500/- | 04-09-2026 |
| 6 | 2026_UAD_529878_1 | वार्ड क्र. 05 योगेश चूड़ीवाले के घर के पास से राजू नाई के घर तक बी.टी. रोड निर्माण का कार्य। | 2 माह 8.11 लाख | 2,000/- 8,500/- | 04-09-2026 |
| 7 | 2026_UAD_529879_1 | वार्ड क्र. 04 सिलमपुरा वार्ड में गोगा देव मंदिर से पशुपतिनाथ मंदिर तक सी.सी. रोड एंड नाली निर्माण का कार्य। | 2 माह 7.52 लाख | 2,000/- 7,600/- | 04-09-2026 |
| 8 | 2026_UAD_529880_1 | वार्ड क्र. 01 देवेन्द्र पटेल के घर से रुपेश काका के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 7.34 लाख | 2,000/- 7,500/- | 04-09-2026 |
| 9 | 2026_UAD_529881_1 | वार्ड नंबर 9 राजू के घर से मजीद के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 7.12 लाख | 2,000/- 7,500/- | 04-09-2026 |
| 10 | 2026_UAD_529882_1 | वार्ड क्र. 19 विभिन्न स्थानों पर सडक क्षतिग्रस्त होने से सी.सी. रोड निर्माण कार्य! ( जावेद किराना से लेकर कलाल की फाटक तक सेहत कुआ रोड सी.सी. रोड निर्माण का कार्य)। | 2 माह 7.09 लाख | 2,000/- 7,500/- | 04-09-2026 |
| 11 | 2026_UAD_529883_1 | वार्ड क्र. 48 श्रीराम मंदिर चिंचाला वार्ड में माखन गडवाल के मकान से नितिन तायडे के घर तक, सचिन चौहान के मकान से मर्चेंट बाबूजी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य। | 2 माह 6.76 लाख | 2,000/- 6,800/- | 04-09-2026 |
| 12 | 2026_UAD_529884_1 | वार्ड क्र. 19 विभिन्न स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त होने से सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु! (शांतिलाल परोचे के घर से कोलीवाडा धर्मशाला तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य)। | 2 माह 6.45 लाख | 2,000/- 6,500/- | 04-09-2026 |
| 13 | 2026_UAD_529885_1 | वार्ड क्रमांक 05 नेमीचंद परी वाले के घर के पास से दिलीप राठौड़ की दूध डेरी तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य। | 2 माह 6.28 लाख | 2,000/- 6,500/- | 04-09-2026 |
| 14 | 2026_UAD_529886_1 | वार्ड क्र. 01 प्रकाश महाराज के घर से पांडुभाई कंट्रोल वालो के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 6.14 लाख | 2,000/- 6,200/- | 04-09-2026 |
| 15 | 2026_UAD_529887_1 | वार्ड क्र. 01 शितला माता मंदिर से कानुगो जी के घर तक मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 5.74 लाख | 2,000/- 6,000/- | 04-09-2026 |
| 16 | 2026_UAD_529888_1 | वार्ड क्र. 22 आगरबत्तिवालो के घर से छोटे अहीर के घर तक एवं हसन चाचा के घर से मानडेवाले के घर तक सी.सी. रोड निर्माण। | 2 माह 5.68 लाख | 2,000/- 5,700/- | 04-09-2026 |
| 17 | 2026_UAD_529889_1 | वार्ड क्र. 01 बड के पेड़ से लेकर पूनम भाई सब्जी वालो के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 5.54 लाख | 2,000/- 5,600/- | 04-09-2026 |
| 18 | 2026_UAD_529891_1 | वार्ड क्र. 05 प्रतापपुरा वार्ड में द्वारकादास के घर के पास से मुन्ना भाई की लकड़ी की टाल तक सी. सी. रोड निर्माण का कार्य। | 2 माह 5.25 लाख | 2,000/- 5,500/- | 04-09-2026 |
| 19 | 2026_UAD_529892_1 | वार्ड क्र. 01 राजकुमार फर्नीचर से शेखर पेंटर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1 माह 1.26 लाख | 1,000/- 2,500/- | 04-09-2026 |
| 20 | 2026_UAD_529893_1 | वार्ड क्र. 05 भोउजी महाराज मंदिर की गली से यादव के घर तक बी.टी. रोड निर्माण का कार्य। | 2 माह 5.25 लाख | 2,000/- 5,500/- | 04-09-2026 |
| 21 | 2026_UAD_529894_1 | वार्ड क्र. 20 पूनम भाई गुड वालो की गली तथा मुकेश अग्रवाल जी की गली में सी.सी. रोड एवं अन्य स्थानों पर बी.टी. रोड एवं पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | 2 माह 4.57 लाख | 2,000/- 4,600/- | 04-09-2026 |
| 22 | 2026_UAD_529895_1 | पुष्पक बस स्टैंड के सामने एवं सूर्य होगल के सामने क्षतिग्रस्त कोटवाल को तोड़ने हेतु निविदा। | 2 माह 4.76 लाख | 2,000/- 4,800/- | 04-09-2026 |
| 23 | 2026_UAD_529897_1 | वार्ड क्र. 01 संजय दुबे के घर से करुणा भट्ट के मकान तक एवं सावन पहलवान के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 4.22 लाख | 2,000/- 4,500/- | 04-09-2026 |
| 24 | 2026_UAD_529900_1 | वार्ड क्रमांक 9 हमीद के घर से सुरेश के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 3.70 लाख | 2,000/- 3,800/- | 04-09-2026 |
| 25 | 2026_UAD_529903_1 | वार्ड क्र 01 शमी गणेश मंदिर से सरस्वती डेयरी तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 3.35 लाख | 2,000/- 3,500/- | 04-09-2026 |
| 26 | 2026_UAD_529906_1 | वार्ड क्र. 01 भैरुलाल जलेबी वालो के मकान से गोलिया महाजन के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 3.03 लाख | 2,000/- 3,500/- | 04-09-2026 |
| 27 | 2026_UAD_529908_1 | वार्ड क्रमांक 9 सुनील राजे के घर से आसाराम के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 2.63 लाख | 2,000/- 2,800/- | 04-09-2026 |
| 28 | 2026_UAD_529909_1 | वार्ड क्र. 05 गुप्ता मास्टर के घर के पास से पूर्व पार्षद जगन्नाथ महाजन के घर तक सी.सी. रोड निर्माण। | 2 माह 2.42 लाख | 2,000/- 2,500/- | 04-09-2026 |
| 29 | 2026_UAD_529913_1 | वार्ड क्र. 36 में पांच स्ट्रीट लाइट पोल लगाने का कार्य। | 2 माह 2.02 लाख | 2,000/- 2,200/- | 04-09-2026 |
| 30 | 2026_UAD_529914_1 | वार्ड क्र 01 में राजेश परदेशी के घर से प्रेम शाह जी के घर तक एवं बसंता पाटिल के घर तक एवं तापीराम भोई के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2 माह 2.22 लाख | 2,000/- 2,500/- | 04-09-2026 |
| 31 | 2026_UAD_529917_1 | वार्ड क्र 43 सार्व. उपयोग हेतु द्वारकापुरी शिव मंदिर के पास सौन्दर्यकरण का कार्य। | 2 माह 2.54 लाख | 2,000/- 2,500/- | 04-09-2026 |
| 32 | 2026_UAD_529918_1 | रोकड़िया हनुमान मंदिर जाने वाले मार्ग पर ट्रांसपोर्ट नगर के पास स्थित निगम स्वामित्व की भूमि से 15 दुकानों के कार्य हेतु पोल शिफ्टिंग का कार्य। | 2 माह 2.16 लाख | 2,000/- 2,200/- | 04-09-2026 |
| 33 | 2026_UAD_529919_1 | वार्ड क्र 01 गुनवंत पाटिल के मकान से देवा शाहजी तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य। | 2 माह 1.29 लाख | 1,000/- 2,500/- | 04-09-2026 |
| 34 | 2026_UAD_529921_1 | वार्ड क्र 01 में यमुना मौसी के घर से बाल भैरव अखाडा तक सी.सी.रोड निर्माण का कार्य। | 2 माह 1.77 लाख | 1,000/- 3,600/- | 04-09-2026 |
| 35 | 2026_UAD_529922_1 | वार्ड क्र. 03 शिकारपुरा वार्ड में पी.एच.ई. आफिस के पीछे ग्राउण्ड में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | 2 माह 1.67 लाख | 1,000/- 3,300/- | 04-09-2026 |
| 36 | 2026_UAD_529924_1 | डाकावाडी मित्र मण्डल व्यायाम शाला में लाईट फिटिंग एवं पंखे लगाने का कार्य, डाकावाडी !हनुवान व्यायाम शाला में लाईट फिटिंग एवं पंखे लगाने का कार्य। | 2 माह 1.13 लाख | 1,000/- 2,500/- | 04-09-2026 |
| 37 | 2026_UAD_503123_2 | वार्ड क्र. 38 रास्तीपूरा सुन्दर नगर में मेहराजी के घर के पास से बालकृष्ण चौधरी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य। | 2 माह 2.46 लाख | 2,000/- 2,500/- | 04-09-2026 |
| 38 | 2026_UAD_503844_2 | विशेष निधि अंतर्गत वार्ड नं 38 रास्तीपूरा में राम मंदिर के पास टिन शेड निर्माण का कार्य। | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,600/- | 04-09-2026 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**वास्ते आयुक्त**
**नगर पालिक निगम बुरहानपुर**